भारत सरकार

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 426

4 फरवरी, 2022 को उत्तर देने के लिए

प्रसंस्करण सुविधाओं की अनुपलब्धता के कारण बर्बादी

426. श्री नीरज डांगी :

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को देश में पर्याप्त प्रसंस्करण सुविधाएं नहीं होने के कारण अत्यधिक मात्रा में अनाज, फलों और सब्जियों के बर्बाद होने की जानकारी है;

(ख) यदि हाँ तो खाद्य प्रसंस्करण के लिए आरंभ की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है और इसमे कितनी प्रगति हुई है; और

(ग) इस योजना में आवंटित की गई राशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) फसल वर्ष 2012-13 के लिए 2015 में प्रस्तुत किए गए केंद्रीय फसलोत्तर इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईपीएचईटी), लुधियाना द्वारा किए गए अध्ययन "भारत में प्रमुख फसलों और वस्तुओं की मात्रात्मक फसल और फसलोत्तर हानि का आकलन" के अनुसार प्रमुख कृषि उत्पादों की कटाई और फसलोत्तर हानि का अनुमानित संचयी प्रतिशत इस प्रकार था:

कृषि उत्पाद	**संचयी अपव्यय (%)**
अनाज	4.65-5.99
दलहन	6.36-8.41
फल और सब्जियां	4.58-15.88

स्रोत: आईसीएआर-सीआईपीएचईटी अध्ययन 2015

(ख) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास और विकास के उद्देश्य से संरक्षण और प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि, फसल और

फसलोत्तर हानि को कम करना और कृषित्तर रोजगार पैदा करने के उद्देश्य के साथ मई, 2017 से एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना - प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) कार्यान्वित कर रहा है।

पीएमकेएसवाई में फसलोत्तर और प्रसंस्करण अवसंरचना सृजन के लिए विभिन्न स्कीमें शामिल है यथा; (i) मेगा फूड पार्क (एमएफपी), (ii) एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्य संवर्धन (सीसी), (iii) खाद्य प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता सृजन/विस्तार (सीईएफपीपीसी),(iv) कृषि प्रसंस्करण क्लस्टरों के लिए अवसंरचना (एपीसी), (v) बैकवर्ड एंड फॉरवर्ड लिंकेजेज (सीबीएफएल) का सृजन, और (vi) ऑपरेशन ग्रीन (2018-19 के दौरान शामिल)। इन घटक स्कीमों के जरिए सृजित कुल संभावित परिरक्षण और प्रसंस्करण क्षमता 157.755 लाख मीट्रिक टन है।

(ग) पीएमकेएसवाई के उपरोक्त घटकों के अंतर्गत आवंटित निधि का विवरण निम्नानुसार है:

(आंकड़े करोड़ रुपए में)

स्कीम	2017-18		2018-19		2019-20		2020-21		2021-22	
	बीई	आरई	बीई	आरई	बीई	आरई	बीई	आरई	बीई	आरई
बैकवर्ड एण्ड फॉरवर्ड लिंकेज	20.00	0.00	20.00	18.80	40.00	50.46	100.00	56.60	51.70	40.79
सीईएफपीपीसी	95.00	21.18	395.00	90.00	160.00	202.52	190.00	219.30	162.00	242.50
कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर्स	35.00	0.00	20.00	30.00	48.75	50.14	65.00	56.69	37.50	53.60
ऑपरेशन ग्रीन	0.00	0.00	0.00	200.00	200.00	30.07	127.50	38.20	73.40	74.50
मेगा फूड पार्क	300.00	298.56	390.00	182.86	200.00	140.00	100.00	61.85	57.60	54.37
एकीकृत शीत श्रृंखला	180.00	198.68	400.00	271.59	290.00	326.16	349.71	252.58	227.60	263.00

बी.ई.: बजट अनुमान; आरई.: संशोधित अनुमान

*****